प्रेस नोट

श्री सूर्यप्रकाश मीणा राज्यमंत्री ने किया

जिला सहकारी बैंक की ठर्र समिति के गोदाम का लोकार्पण

विदिशा 24.12.16

प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के परिपालन में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित ठर्र के नवनिर्मित गोदाम का लोकार्पण मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री माननीय श्री सूर्यप्रकाश मीणा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया है। समिति ठर्र के अध्यक्ष एवं समस्त संचालक मंडल द्वारा माननीय श्री सूर्यप्रकाश मीणा जी का भव्य माला से स्वागत किया गया एवं शॉल श्रीफल भेंट किया गया। स्वागत के क्रम में जिला सहकारी बैंक की समस्त समितियों के अध्यक्षों एवं प्रबंधकगण द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया एवं शॉल श्रीफल भेंट किये गये।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं म. प्र. शासन के राज्यमंत्री श्री सूर्यप्रकाश मीणा जी ने कहा कि, माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणानुरूप यह नवनिर्मित गोदाम का लोकार्पण आज किया गया है इसके लिए में समिति के किसान भाईयों और संचालक मंडल को बधाई देता हूँ इससे पूर्व समिति के किसान भाईयों को खाद बीज के लिए विदिशा जाना होता था पंरतु उन्हें समिति स्थल पर ही सुविधा मिलेगी। प्रदेश के मुखिया माननीय श्री शिवराज सिंह जी के स्वर्णिम मध्यप्रदेश के सपने को मूर्त रूप देने के जिले के जनप्रतिनिधि एवं युवा नेतृत्व निरंतर कार्य कर रहे हैं। श्री मीना ने लोकार्पण कार्यक्रम किसानों को उद्यानिकी विभाग से हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया।

गोदाम लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि हम प्रयास कर रहे हैं कि विदिशा जिले के किसानों को कोई समस्या न रहे हमारे किसान की कोई समस्या है तो हमारी समिति, हमारा बैंक उनके साथ खड़ा है। हमारे संवेदनशील मुख्यमंत्री ने जब आपके गांव का दौरा किया था उसी समय यहां सहकारी समिति में गोदाम निर्माण की घोषणा की थी उसके परिपालन में आज इस गोदाम का लोकार्पण किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि, माननीय शिवराज सिंह जी चौहान के मुख्यमंत्री बनने से पूर्व न तो कभी किसानों को बीमा मिलता था न कभी किसी प्रकार का मुआवजा मिलता था प्रतिदिन अखबारों में छपता था कि, किसान खाद बीज न मिलने, बीमा न मिलने, मुआवजा राशि न मिलने के कारण चक्काजाम कर रह हैं लेकिन जबसे माननीय शिवराज सिंह जी ने प्रदेश की कमान संभाली है तब से किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। आजादी के बाद देश में किसानों पर कई बार विपदायें आयीं बाढ़ से ओला से किसानों की फसलें तबाह हुई लेकिन किसानों के आंसू पोछनें का कार्य किसी सरकार ने नहीं किया लेकिन

किसानों के आंसू पोंछने का कार्य किया है तो प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी ने जिले के राज्य मंत्री माननीय सूरज भाई ने विधायक जी ने तोरण सिंह जी।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री तोरण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि, बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा निरंतर जिले में सहकारिता के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। अभी हाल ही में 3 गोदाम का लोकार्पण हम कर चुके हैं बैंक की शाखा बासौदा में लॉकर रूम का शुभांरभ किया गया है। बैंक द्वारा गरीब आवासहीन परिवारों के लिए भी मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास मिशन द्वारा घर बनाये गये हैं। उन्होंने नवीन गोदाम हेतु ठर्र के कृषक बंधुओं और बैंक, समिति प्रबंधन को बधाई दी।

इस अवसर पर विधायक विदिशा श्री कल्याण सिंह ठाकुर ने कहा कि, नवनिर्मित गोदाम लोकार्पण कार्यक्रम में अतिथि बनाये जाने पर बहुत बहुत आभार। श्री कल्याण सिंह ठाकुर ने कहा कि इसी तरह की गोदाम विधानसभा के प्रत्येक समिति में बनाये जाने की बात बैंक अध्यक्ष श्री श्यामसुंदर शर्मा से कही।

गोदाम लोकार्पण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं विदिशा जिले के कलेक्टर श्री अनिल सुचारी ने कहा कि किसान भाईयों को नयी तकनीक से भी परिचित होना पड़ेगा हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने संकल्प लिया है कि, खेती को लाभ का धंघा बनाना है। यह तभी संभव होगा जब हम परम्परागत खेती के अलावा भी उद्यानिकी, पशुपालन आदि पर भी कार्य करें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र चौधरी, बैंक संचालक श्री भगवान सिंह धाकड़, बैंक के सी. ई. ओ. श्री विनय प्रकाश सिंह, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्री शैलेन्द्र ठाकुर, भाजपा ग्रामीण मंडल श्री वीरसिंह रघुवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष श्री पदम सिंह भदौरिया, श्री अर्जुन सिंह राजपूत अध्यक्ष ठर्र, श्री शिवराज सिंह यादव, श्री रघुवीर सिंह मीणा सूरोद, श्री रमेश मीणा अध्यक्ष पीपरहूंठा, गुलाबसिंह रघुवंशी समिति अध्यक्ष अहमदरपुर, समिति सौंथर के अध्यक्ष राकेश सिंह दांगी, जालम सिंह मीना समिति अध्यक्ष जैतपुरा, श्री कल्याण सिंह दांगी समिति अध्यक्ष डाबर, श्री पारसकुमार जैन समिति अध्यक्ष भदारबड़ागांव, श्री कल्याण सिंह लोधी समिति अध्यक्ष हांसुआ, श्री रघुराज सिंह दांगी सौंथर श्री रामविलास राजपूत महामंत्री, राकेश दांगी सरपंच, संजय सिंह सरपंच, केशवमीणा सरपंच, धनराज दांगी, बलवीर रघुवंशी, सोनू सरदार, प्रकाश लोधी, विक्रम दांगी, ,अजय मीणा, वीरसिंह राजपूत, सहित अनेक ग्रामीण जन उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता श्री के. के. गुप्ता द्वारा किया गया ।

प्रति,

प्रतिनिधि/ब्यूरो चीफ
दैनिक ....
विदिशा